हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 अप्रैल 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला


तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री


11 कोसमंदी स्कूल में बच्चों को परोसा गया न्योता भोज





12 जंवारा विसर्जन में झांकियां देखने उमड़े श्रद्धालु




## खबर संक्षेप



### राम जन्मोत्सव पर महंगी बिकी शराब

**हथबंद।** श्रीराम जन्मोत्सव पर कोचियों ने जमकर शराब की बिक्री की। शुष्क दिवस का मतलब कमाई का दिन रहा। विदित हो कि शराब कोचियों के पास इतना पैसा है कि लाख, पचास हजार बांटते रहते हैं और जेल जाने से बचे रहते हैं। हथबंद में चैत्र राम नवमी राम जन्मोत्सव पर शराब की बिक्री में जमकर बढ़ोतरी हुई। 120 रुपए का पौवा 200 रुपए प्रति पाव बिकते रहा। हथबंद सहित समीपस्थ ग्राम धोधा, सीतापार, रिंगनी, केसदा, मोहभठ्टा, डोंगरियां, लावर, खिलोरा, कुकरा चुन्दा स्थानों पर बिक्री की गई।

### युवक अपने साथी के साथ बरात में शामिल होकर अपने घर लौट रहा था

# पिकअप ने बाइक सवार युवकों को कुचला, एक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिधौरी

क्षेत्र में लगातार सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है और लोगों की एक्सीडेंट से जान चली जा रही है, जो घटना थमने नाम नहीं ले रहे हैं। बुधवार की रात 11 बजे ग्राम मड़कड़ा से घर कुम्हारी लौट रहे बाइक सवार युवक की पिकअप से कुचल जाने पर मौके पर मौत हो गई, वहीं दुसरा युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। युवक की रीढ की हड्डी टूट गई है, जहां इलाज जारी है।

घटना की जानकारी गिधौरी पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंची और घायल प्रियांशु पटेल को शिवरीनारायण अस्पताल भर्ती कराया, जहां स्थिति को देखते हुए बिलासपुर रिफर किया गया।

घायल युवक की रीढ की हड्डी टूट जाने की खबर है, जहां इलाज चल रहा है। इधर गुरूवार को मृतक विकास साहू के शव को गिधौरी पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए कसडोल भेजा गया और शव की पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। घटना की जानकारी कुम्हारीवासियों होने पर पूरा गांव शोक में डूबा है। गिधौरी पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

विदित हो कि 11 अप्रैल सुबह 6.45 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने पैदल चल रहे युवकों को कुचल दिया था। इस घटना में एक की मौके पर मौत और दूसरे ने अस्पताल में दम तोड़ा था।

#### पिकअप चौथिया लेकर गई थी

प्राप्त जानकारी के अनुसार गिधौरी, परसापाली मार्ग पर बुधवार रात करीबन 11 बजे कुम्हारी निवासी विकास साहू पिता भूषण साहू एवं साथी प्रियांशु पिता रोहित पटेल 22 वर्ष ने बरात में शामिल होने ग्राम मड़कड़ा गये हुए थे और बराती कर दोनों अपनी बाइक सीजी 22 एबी 5763 से अपने घर कुम्हारी जा रहे थे। उसी बीच पिकअप क्र . सीजी 22 एक्स 3401 जो चौथिया लेकर गया हुआ था और वापस पिकअप लेकर ग्राम आमाखोवा लौट रहा था, उसी बीच गिधौरी गौठान के पास बुधवार रात 11 बजे बाइक सवार युवक को कुचल दिया, जिसमें कुम्हारी निवासी विकास साहू का सिर कुचला जाने से मौके पर मौत हो गई और दूसरा साथी युवक प्रियांशु पटेल पिता रोहित साहू गंभीर रूप से घायल हो गया।



# गाली-गलौज कर मचाया उत्पात, 6 युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

गांव में उत्पात मचाकर वाद विवाद करने वाले 6 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को धारा 151, 107, 116, 3 जाफौ के तहत एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। इसमें कमल पिता संतोष यदु 22 वर्ष, सुमित पिता रामकुमार चन्द्राकर 22 वर्ष, समीर साहू पिता रामप्रताप साहू 19 साल, अश्वनी पिता खीखाराम विश्वकर्मा 25 वर्ष, अमित पिता संतोष साहू 19 वर्ष, कौशल पिता दशरथ साहू 39 वर्ष सभी निवासी ग्राम डमरू थाना सिटी कोतवाली शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी एवं अनावेदकगण आपस में एक ही गांव के निवासी है। 15 अप्रैल को साक्षी के घर में ननद की शादी का चुलमाटी कार्यक्रम था, जिसमें अनावेदकगण द्वारा नाचेंगे कहकर विवाद कर गाली गलौज किया गया। इस संबंध में गांव में बैठक कर थाना में सूचना दी गई, जहां पुलिस की उपस्थिति में समझाइस दी जा रही थी, जहां पर अनावेदकगण द्वारा आक्रोशित होकर साक्षीगण व गांव के लोगों को देख लूंगा कहते हुए गाली गलौज कर मारपीट पर उतारू हो गये। मौके पर अनावेदकगण को गिरफ्तार नहीं ▸▸ शेष पेज 11 पर

# चीतल मांस बेचते शिकारी रंगे हाथ पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

■ गशस्त के दौरान वन विभाग के कर्मियों को मिली सफलता

वनमण्डलाधिकारी मयंक अग्रवाल के निर्देशन एवं उप वनमण्डलाधिकारी कसडोल अक्षय दिनकर भोसले के नेतृत्व में वनों में अवैध शिकार करने वालों पर लगाम कसने वनों में सतत गश्त की जा रही है। इसी तारतम्य में वन परिक्षेत्र देवपुर अन्तर्गत धमलपुरा बीट के कक्ष क्रमांक 292 के मुंशी तालाब में 16 अप्रैल को अपरान्ह 4.10 बजे गश्त के दौरान वन्यप्राणी चीतल का मांस काटते हुए समारू बिसी वल्द उसत बिसी जाति सवरा 69 वर्षीय ग्राम धमलपुरा निवासी को रंगे हाथों पकड़ा गया। सर्च वारंट जारी किया जाकर उक्त अपराधी के निवास पर स्निफर डॉग के विशेष दल द्वारा तलाशी लेने पर 1 नग साही पोटा भी बरामद किया। उक्त अपराधी के विरूद्ध वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 39, 50, 51 के तहत न्यायालय बलौदाबाजार के समक्ष प्रस्तुत किया ▸▸ शेष पेज 11 पर



# बाइक की सीट काटने वाले 3 अपचारी बालक पकड़ाये

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा बलौदाबाजार शहर में रात के समय घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल की सीट को ब्लेड से काटकर फाड़ने वाले तीन अपचारी बालकों को पकड़ा गया। विभिन्न समाचार पत्रों एवं मोबाइल फोन के माध्यम से सूचना मिली कि अभी कुछ दिनों पहले रात के समय बलौदाबाजार नगर के विभिन्न इलाकों में घर के बाहर खड़ी की गई मोटरसाइकिल की सीट को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ▸▸ शेष पेज 11 पर

#### पुलिस ने अपचारी बालकों के परिजनों को बुलाया और समझाइश देकर छोड़ा

कि उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए थाना सिटी कोतवाली की पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा आसूचना तंत्र सक्रिय करते हुए तथा मुखबिर की सूचना पर 3 अपचारी बालकों को पकड़ा। अपचारी बालको से पूछताछ पर रात के समय घूमते हुए, शरारत स्वरूप बाहर खड़ी मोटरसाइकिलों की सीट को ब्लेड के माध्यम से फाड़ देना स्वीकार किया गया है। इस संबंध में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा इन सभी अपचारी बालकों के परिजनों को थाना बुलाया गया। पुलिस द्वारा उनके परिजनों को अपने बालकों को किसी भी प्रकार का उत्पात नहीं करने हेतु समझाइश देने एवं भविष्य में पुनः इस प्रकार की बदमाशी शरारत करते पकड़े जाने पर कड़ी कार्यवाही किए जाने हेतु हिदायत दी गई।

## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**8224035555, 8370049468**




## खबर संक्षेप



### ई-रिक्शा में घूम-घूमकर मोबाइल लूट, नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** ई-रिक्शा पर सवार होकर मोबाइल लूट की घटना को अंजाम देने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट का चार मोबाइल जब्त किया है। पुलिस गिरफ्त में आए बदमाशों ने मंगलवार को काली मंदिर दर्शन करने आए मामा-भांजा के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के मुताबिक लूट के आरोप में अनिकेत बेहरा, मन हरपाल तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार देवेंद्र कुमार साहू आकाशवाणी चौक स्थित काली मंदिर में घटना दिनांक को दर्शन करने आए थे। इसी दौरान ऑटो सवार बदमाशों ने देवेंद्र के साथ मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया। सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पुलिस ने नाबालिग को पकड़कर पूछताछ की, तो उसने अपने अनिकेत तथा मन के साथ लूट की घटना को अंजाम देने का अपराध कबूल किया। पूछताछ में बदमाशों ने पुलिस को बताया कि उन लोगों ने चार स्थानों पर लूट की घटना को अंजाम दिया है।

### सैनिकों ने प्याऊ खोलकर लिया जनसेवा का संकल्प



**रायपुर।** चंगोराभाठा सैनिक नगर में सेवानिवृत्त फौजियों द्वारा सार्वजनिक प्याऊघर खोलकर जल वितरण सेवा की शुरुआत की गई। इसका शुभारंभ नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे ने किया। देशसेवा के बाद जनसेवा की इस अनूठी पहल में सैनिकों के साथ उनके परिजन भी सेवा कार्य में जुड़ने तत्पर दिखे। श्री दुबे ने कहा कि लंबे समय तक देश की सीमा में सेवा करने के बाद अब सैनिकों के जनता की सेवा करने से लोग प्रोत्साहित होंगे। इस अवसर पर फौजी बीसी ठाकुर, मूलचंद, दीपक सिन्हा, चन्द्रेश शर्मा, नागेंद्र सिंह, कुशलेश गौतम, रोहित गुप्ता, संजीव सोनी, राजेश तिवारी, अरुण बाजपेयी, विजय शर्मा, जगदीश सिंह, संजय चौबे, सूरज दुबे, राजकुमार दुबे, सुशील तिवारी, दिवाकर वर्मा, राजेंद्र पारख सहित सैनिकों के परिजन उपस्थित थे।

### बौद्ध समाज ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** भारतीय बौद्ध महासभा, बौद्ध समाज के प्रतिनिधियों द्वारा दुर्ग के रेलवे स्टेशन में लगी संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर जी की फोटो को मुख्य टिकट निरीक्षक द्वारा 15 अप्रैल को कचरे के डिब्बे में फेंका गया है जिसके विरोध में रायपुर के डीआरएम संजीव कुमार साहू एवं डीआरएम राजेंद्र कुमार साहू को ज्ञापन सौंपा। साथ ही मुख्य टिकट निरीक्षक को निलंबित कर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की, उन्हें यह भी अवगत कराया गया की समाज के लोगों में भारी आक्रोश है। इस पर समाज की मांग को सुनते हुए दुर्ग कार्यालय में जांच का आदेश दे दिया है, अगर एक सप्ताह के अंदर टिकक निरीक्षक पर कार्यवाही नहीं की जाती है तो समाज द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

### वृंदावन हॉल में कवि सम्मेलन 21 को, विमोचन भी

**रायपुर।** सिविल लाइस स्थित वृंदावन हॉल में 21 अप्रैल को कवि राजेश जैन 'राही' की व्यंग्य कृति 'नाचे आम आदमी' का विमोचन किया जाएगा। साथ ही कवि सम्मेलन और विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को 'नवरंग समाज रत्न सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। यह विमोचन मुख्य अतिथि डॉ. गिरीश पंकज, डॉ. चितरंजन कर, डॉ. मृणालिका ओझा, एम राजीव एवं संजय जैन गिड़यिा द्वारा किया जाएगा। इस दौरान डॉ. गिरीश पंकज, डॉ चितरंजन कर एवं डॉ. मृणालिका ओझा अपने महत्वपूर्ण विचार रखेंगे।

# सालभर में एक हजार से अधिक कार्रवाई, डेढ़ करोड़ जुर्माना वसूला फिर भी खदानें बेलगाम


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में खनिज विभाग ने रेत, मुरुम एवं गिट्टी के अवैध उत्खनन व परिवहन से जुड़े सालभर में एक हजार से अधिक प्रकरणों पर कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के दौरान लगभग डेढ़ करोड़ रुपये का जुर्माना भी वसूला है, बावजूद रेत, मुरुम व पत्थर खदानों पर विभाग का नियंत्रण नहीं है। इन खदानों में अवैध उत्खनन का काम लगातार चल रहा है, जिसके कारण हर महीने करोड़ों के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अप्रैल 2023 से लेकर 31 मार्च 2024 के दौरान खनिज विभाग ने जिलेभर में खनिजों के अवैध उत्खनन-परिवहन के एक हजार से अधिक प्रकरण सामने आये हैं। इन प्रकरणों में कुछेक प्रकरण में ही खदानों में अवैध व नियम विरुद्ध तरीके से उत्खनन करने के मामलों में कार्रवाई की गई है, जबकि शेष सभी प्रकरण में अवैध परिवहन में संलिप्त गाड़ियों को पकड़ा गया है। इसमें हाईवा एवं ट्रैक्टर ट्राली आदि वाहन शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार विभाग ने सालभर में एक हजार से अधिक प्रकरणों पर कार्रवाई करते हुए लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की राशि जुर्माना के रूप में वसूल की है।

### इन क्षेत्रों में की गई कार्रवाई

विभाग ने धरसींवा, विधानसभा, माना, मंदिर हसौद, सिलियारी, तिल्दा, आरंग, खरोरा, भनपुरी, उपरवारा, राखी व अभनपुर क्षेत्र में जांच अभियान चलाकर इन प्रकरणों पर कार्रवाई की है। कई प्रकरणों में विभागीय टीम ने रात में गश्त कर गाड़ियों को पकड़ा है।





फाइल फोटो

### करीब 300 मुरुम-गिट्टी व ईंट के प्रकरण

जिले में रेत के साथ मुरुम, गिट्टी व ईंट के अवैध परिवहन के मामलों में करीब 300 गाड़ियां पकड़ी हैं। इन गाड़ियों के मालिकों से भी जुर्माना वसूला गया है।

### अवैध रेत परिवहन के 700 से ज्यादा प्रकरण

जिले में सालभर में एक हजार से अधिक प्रकरणों पर कार्रवाई की गई है। इनमें सबसे ज्यादा रेत के अवैध परिवहन के प्रकरण हैं। सूत्रों के अनुसार इनकी संख्या 7 सौ से ज्यादा है। विभाग ने इन प्रकरणों में गाड़ियों को जब्त कर वाहन मालिकों से जुर्माना राशि वसूली है।

### खदानों में नहीं की जा रही कार्रवाई

सालभर में हुई कार्रवाई बताती है कि जिले की कई खदानों में रेत, पत्थर एवं मुरुम का अवैध उत्खनन का काम धड़ल्ले से जारी है। इन खदानों में अवैध उत्खनन होने के कारण ही जिले में खनिज सामग्री का अवैध परिवहन हो रहा है। हालांकि विभाग ने कार्रवाई में रायपुर के साथ दूसरे जिलों की गाड़ियों को भी पकड़ा है, जिनमें कई गाड़ी को रायपुर से दूसरे जिलों में परिवहन कर ले जाते समय पकड़ा है। इससे स्पष्ट है कि जिले में कई खदानों में अवैध उत्खनन का काम जारी होने के बावजूद इसे रोका नहीं जा रहा।

## पाइप लाइन बिछाने खोदी गई सड़कों को समतल करने में बरती जा रही लापरवाही

# ठेकेदारों की लापरवाही, गड्ढों को समतल करने 3 इंच ढलाई कर रहे, बारिश में धंसेगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

अमृत नल-जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने खोदी गई सड़क को रेत-गिट्टी से ढलाई कर समतल करने का कार्य नवा रायपुर के कई गांवों में चल रहा है। इन कामों में अब ठेकेदारों की मनमानी और बड़ी लापरवाही देखने को मिल रही है। खोदी गई सड़क को मिट्टी से पाटने के बाद उसे समतल करने 2 से 3 इंच ही ढलाई की जा रही है, जिससे सड़क को मजबूती नहीं मिल पा रही। परिणाम स्वरूप बारिश के दिनों में इस सड़क पर गाड़ियों के गुजरते ही इसके धंसने की पूरी संभावना है। इधर इस मामले में जिला पंचायत के अधिकारी का कहना है कि नल-जल योजना में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर कोई ठेकेदार सड़क को समतल करने में लापरवाही बरत जा रहा है, तो इसकी जांच कराकर उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

नवा रायपुर के ग्राम चेरिया सहित आसपास के कई ग्रामों में अमृत नल जल योजना के तहत घर-घर पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन बिछाई गई है। इस पाइप लाइन को बिछाने के लिए यहां सड़कों की खुदाई हुई थी। इन गड्ढों में पाइप लाइन बिछाये कई महीने बीत चुके हैं, वहीं गड्ढों को समतल करने का काम अब जाकर शुरू हुआ है। सूत्रों के अनुसार इन गड्ढों को समतल करने के लिए क्षेत्र के पीएचई विभाग के असिस्टेंड इंजीनियर के मार्गदर्शन में संबंधित ठेकेदार कार्य कर रहे हैं। गड्ढों को समतल करने से पहले पहले मिट्टी से पाटा गया है, जिसे अब रेत, गिट्टी व सीमेंट से ढलाई कर इसे समतल किया जा रहा है। गांव के लोगों ने बताया कि गड्ढों को समतल करने का काम खानापूर्ति है, क्योंकि इन गड्ढों में सिर्फ 2 से 3 इंच ही ढलाई की जा रही है, जिससे सड़क बहुत कमजोर बन रही है। इस ढलाई के बाद सड़क कभी भी धंस सकती है। गांव में बड़ी गाड़ियों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में ढलाई मजबूत नहीं होने के कारण सड़क कभी भी धंस सकती है। खासकर बारिश के दिनों में सड़क के धंसने की ज्यादा संभावना है। ऐसा हुआ तो सड़क फिर गड्ढों में तब्दील हो जाएगी।



### अभनपुर, तिल्दा, आरंग क्षेत्र के कई गांव में बरती जा रही लापरवाही

नवा रायपुर के साथ अभनपुर, तिल्दा, आरंग ब्लाक के कई गांव में पाइप लाइन बिछाने खोदी गई सड़क को समतलीकरण का काम चल रहा है। इन क्षेत्रों में भी कई गांव में खोदी गई सड़क को समतल करने में लापरवाही बरती जा रही है।

### लापरवाही दिखी तो करेंगे कार्रवाई

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल योजनाओं के तहत पाइप लाइन बिछाने के बाद गड्ढों को भरकर सड़क को समतल करने का काम चल रहा है। ग्राम चेरिया में सड़क समतल करने में ठेकेदार लापरवाही बरत रहा है, इसकी जानकारी मिली है। संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए हैं जांच कर कार्रवाई करे।
- **विश्वदीप,** सीईओ, जिला पंचायत रायपुर

### ग्रामीण दे चुके हैं पीएचई विभाग को जानकारी

ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदारों के लापरवाही पूर्वक सड़क के समतलीकरण किए जाने की जानकारी पीएचई विभाग के अधिकारियों को दे चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी अधिकारी गड्ढों को समतल करने का किस तरह से कार्य चल रहा है, इसका निरीक्षण करने तक नहीं पहुंचे हैं। इसके कारण ठेकेदार अपना लाभ देखते हुए इन गड्ढों को समतल करने का काम कर रहा है।

### सड़क धंसी तो बारिश में ग्रामीण होंगे परेशान

ठेकेदारों की लापरवाही का दुष्परिणाम ग्रामीणों को आगामी दिनों में भुगतना पड़ सकता है। आगामी महीनों में बारिश का सीजन शुरू होगा। ऐसे में अगर समतल की गई सड़कें धंसेगी तो इससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ जाएगी। बारिश के दिनों में वैसे ही सड़कों का काम नहीं होता। ऐसे में ग्रामीणों को सीजनभर गड्ढों के कारण परेशान होना पड़ेगा।

# एनएमसी ने सभी मेडिकल कालेजों ने मांगा स्टाइपेंड दिए जाने का ब्योरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के आधार पर मांगी गई जानकारी

छत्तीसगढ़ समेत देश के तमाम मेडिकल कालेज, चिकित्सा संस्थानों, सुपर स्पेशलिटी हास्पिटलों को संस्थान में दिए जाने वाले स्टाइपेंड का ब्योरा देना होगा। अनियमितता के संदेह और स्टाइपेंड नहीं दिए जाने संबंधी याचिका के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश जारी कर 23 अप्रैल तक जानकारी प्रेषित करने कहा है। जानकारी के मुताबिक एक आर्मी मेडिकल कालेज के छात्र को स्टाइपेंड नहीं दिए जाने की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग से पूरे देश के मेडिकल कालेज में चिकित्सा छात्रों को दिए जाने वाले स्टाइपेंड का ब्योरा मांगा है। इस आधार पर एनएमसी की ओर से सार्वजनिक रूप से नोटिस जारी कर 23 अप्रैल को इससे संबंधित जानकारी सभी मेडिकल कालेज, सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल सहित चिकित्सा संस्थानों को प्रेषित करने कहा गया है। मेडिकल कालेज से संबंधित अस्पताल, चिकित्सा संस्थान तथा सुपर स्पेशलिटी हास्पिटलों में एमबीबीएस वाले इंटर्न, पीजी कोर्स वाले सीनियर, जूनियर रेजिडेंट्स तथा सुपर स्पेशलिटी हास्पिटलों में एमसीएच कोर्स वाले छात्रों को स्टाइपेंड दिया जाता है।

### मोबाइल किस्त पटाने के विवाद पर टीवी तोड़ा

**रायपुर।** खमतराई थाना में एक मोबाइल दुकान के संचालक ने एक युवक के खिलाफ मोबाइल किस्त पटाने के विवाद पर 35 हजार रुपए कीमत का टीवी तोड़ने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक खगेंद्र ने कुंदन दीक्षित के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। खगेंद्र ने पुलिस को बताया है कि कुंदन ने उसकी दुकान से चार माह पूर्व फाइनेंस में मोबाइल खरीदा था। किस्त नहीं पटाने की वजह से फाइनेंस कंपनी ने कुंदन का मोबाइल लॉक कर दिया। इससे नाराज होकर कुंदन खगेंद्र की दुकान में पहुंचा और मोबाइल लॉक होने की बात को लेकर विवाद करते हुए दुकान में लगे एलईडी टीवी को तोड़ दिया।

■ गांजा तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने तीन तस्करों को किया गिरफ्तार

# दो अलग-अलग मामलों में 70 किलो गांजा जब्त





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ एक अन्य मामले में तस्कर गांजा को ओडिशा से गुजरात ले जा रहे थे

राजधानी पुलिस ने निजता अभियान के तहत तीन गांजा तस्करों के कब्जे से 70 किलो गांजा जब्त किया है। जब्त गांजा की कीमत सात लाख रुपए से ज्यादा आंकी गई है। एक तस्कर कार से तस्करी कर खपाने के लिए गांजा लाया था, जबकि एक अन्य मामले में गिरफ्तार गांजा तस्कर ओडिशा से गांजा तस्करी कर गुजरात, सूरत ले जा रहा था। पुलिस को चकमा देने गांजा तस्कर मंदिर हसौद रेलवे स्टेशन पर उतरकर सड़क के रास्ते जाने की फिराक में था। पुलिस ने तीनों गांजा तस्करों को मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में ओडिशा, गंजाम निवासी संतोष उर्फ हाडू बंधु बेहरा, सागर जेना के कब्जे से 31 किलो गांजा जब्त किया है। संतोष और उसका दूसरा साथी कार से गांजा तस्करी कर लाए थे। पुलिस के अनुसार पकड़े गए दोनों आरोपी लंबे अरसे से सरस्वती नगर इलाके में किराए के मकान लेकर रह रहे थे। संतोष और उसका साथी यहां रहकर स्वयं के साथ अन्य लोगों के माध्यम से कमीशन पर गांजा बिकवाने का काम करते थे।

### ट्रेन रूट से गांजा तस्करी

एक अन्य मामले में मंदिर हसौद थाने की पुलिस ने ओडिशा, राजा खरियार निवासी नरेश निहाल के कब्जे से 40 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस के अनुसार नरेश गांजा को तस्करी के माध्यम से गुजरात, सूरत में डिलीवरी देने के लिए जा रहा था। रेलवे स्टेशन पर जांच में पकड़े जाने की आशंका पर नरेश मंदिर हसौद रेलवे स्टेशन से उतरकर सड़क के रास्ते गांजा ले जाने की फिराक में था।

# चौराहों पर नियम के पेंच में फंसा शेड, धूप से बचने जेब्रा क्रांसिंग-रेलवे फाटक के पास लोग तलाश रहे छांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

झुलसाने वाली धूप ने अप्रैल में असर दिखाना शुरू किया है। वहीं चौराहों से आने-जाने के लिए लेफ्ट व राइट टर्न के लिए बनाई गई व्यवस्था फेल होने लगी है। ज्यादातर दोपहिया चालकों के चौराहों पर रेड सिग्नल को जम्प करने से बचाने के लिए जेब्रा क्रासिंग बनवाया है, लेकिन दोपहिया चालक वहां तक जाने के बजाय धूप में खड़े होने से बचने के लिए आसपास पेड़ की छांव तलाशने लगे हैं। इससे जिन्हें सिग्नल पार नहीं करना है, ऐसे दोपहिया चालकों को भी आने-जाने में परेशानी होने लगी है। रेलवे फाटक बंद होने से डब्ल्यूआरएस, कचना, उरकुरा, संन्यासी पारा में सुकून की छांव तलाशनी पड़ रही है।

राजधानी में वाहन चालकों की सुविधा के लिए चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस ने लेफ्ट व राइट टर्न के लिए सिस्टम बनाया है। यह प्रयोग समय और ईंधन बचाने के लिए किया गया। इसके बाद उत्तर विधानसभा क्षेत्र में विगत 5 साल में कई चौराहों पर लोगों को मौसम की मार से बचाने के लिए विधायक निधी का इस्तेमाल करते हुए 75 लाख से ज्यादा फंड खर्च करके शेड का निर्माण करवाया गया है। कलेक्टोरेट चौक व पंडरी चौक के लिए प्रक्रिया होने के बाद आपत्ति के कारण शेड निर्माण अटका है। इससे लोगों को लाखों खर्च करने के बाद भी अधूरी सुविधा मिल रही है। इसका असर ट्रैफिक पर भी पड़ने लगा है। कई स्पाट ऐसे हैं, जहां लोग धूप से बचने के लिए छांव में दोपहिया लेकर खड़े हो जाते हैं। इससे जिन्हें लेफ्ट और राइट टर्न लेना होता है, वे भी फंसते हैं।

### राजधानी का टेम्प्रेचर 40 डिग्री पार होते ही लेफ्ट व राइट टर्न में बन रहे रोड़ा





### इन स्थानों पर मंजूरी के बाद रुका काम

निगम सूत्रों ने बताया कि राजभवन से कलेक्टोरेट पहुंच मार्ग पर सिग्नल के पास शेड लगाने के लिए मंजूरी मिलने के बाद नियम का पेंच फंसा। इस वजह से अम्बेडकर अस्पताल चौक से पंडरी जाने वाले रूट पर खालसा स्कूल चौक के पास शेड लगाने का काम शुरू नहीं हो पाया है। इस प्रक्रिया में नियम का पेंच फंसने से 6 चौराहों पर 8 शेड निर्माण पर एक करोड़ 20 लाख से ज्यादा बजट खर्च करने के बाद आपत्ति आने पर नियम की जांच हुई। इससे लोगों की सुविधा के लिए सभी चौराहों पर शेड निर्माण का प्लान भी फेल हुआ। जिन स्थानों पर लगाने स्वीकृति मिली, उसे भी रोका गया।

### पहले दिया फंड, अब नियम का अड़ेगा

जिला प्रशासन व निगम सूत्रों ने बताया कि पूर्व में विधायक निधी से चौराहों पर शेड बनाने के लिए विधायक निधी के तहत फंड जारी किया गया। इससे कलेक्टोरेट चौक, देवेन्द्र नगर चौक, फाफाडीह चौक, मरीन ड्राइव चौक, शंकर नगर चौक, भगत सिंह चौक पर आधा-अधूरा शेड निर्माण हुआ है। इन चौराहों पर बचे हुए रूट पर शेड निर्माण के लिए बनाई गई कार्ययोजना फंड को नियम विरुद्ध खर्च करने का पेंच फंसने से आगामी कार्रवाई भी अटक गई है। इससे लोगों को जहां अधूरी सुविधा मिल रही है, वहीं कई स्थानों पर इसकी वजह से लोगों की आवाजाही भी प्रभावित होने लगी है।

### राहत की छांव से लेफ्ट-राइट टर्न बेकार

कलेक्टोरेट चौक पर राजभवन रूट से आने वाले ही नहीं, बल्कि ऑक्सीजोन से राजभवन जाने के लिए रेड सिग्नल होने पर लोग मल्टीलेवल पार्किंग की छांव में दोपहर 1 बजे तक रुकते हैं। इससे लेफ्ट व राइट टर्न का उपयोग करने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोग अक्सर इन स्थानों पर एक-दूसरे से विवाद करते भी नजर आते हैं। इसी तरह देवेन्द्र नगर चौक पर अम्बेडकर अस्पताल से केनाल रोड के रास्ते मौदहापारा और स्टेशन रोड जाने वाले भी छांव में खड़े होने वाले लोगों को हार्न देकर हटाने की स्थिति में आपस में उलझते हैं। अधूरे निर्माण से यह स्थिति बन रही है।

## 19 अप्रैल को होना है प्रथम चरण का मतदान

# छत्तीसगढ़ के सात पड़ोसी राज्यों के नौकरी पेशा और कामकाजी मतदाताओं को वोटिंग के लिए मिलेगी छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए राज्य के मतदाताओं को लोकसभावार सीट वार मतदान के दिन वोटिंग के लिए अवकाश मिलेगा। साथ ही छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्यों आंध्रप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड और तेलंगाना के लोग जो यहां रहते हैं और नौकरी करते हैं उन्हें भी उनके राज्य में मतदान करने जाने के लिए अवकाश दिया जाएगा। यही नहीं छत्तीसगढ़ के लोग जो इन सात सीमावर्ती राज्यों में रहते हैं, उन्हें भी मतदान के लिए इस प्रकार सुविधा दी जाएगी। छत्तीसगढ़ सरकार के श्रम विभाग ने इस संबंध में एक अधिसूचना का प्रकाशन कराया है। इसमें कहा गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश की मंजूरी का प्रावधान है। प्रथम चरण के लिए 19 अप्रैल, द्वितीय चरण के लिए 26 अप्रैल, और तीसरे चरण के लिए 7 मई को को राज्य शासन द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवेतन अवकाश दिया जाएगा।

### इन राज्यों के कर्मियों को मिलेगी छुट्टी

छत्तीसगढ़ की सीमा से लगने वाले राज्य आंध्रप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड और तेलंगाना के राज्य के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कोराबार, व्यावसाय में नियोजित हैं, उन लोगों को उनके गृह राज्य में मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। आंध्रप्रदेश में एक चरण में 13 मई को, ओडिशा में चार चरणों में 13 मई,20 मई, 25 मई, और 1 जून को मतदान होगा। महाराष्ट्र में पांच चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, और 20 मई को, मध्यप्रदेश में चार चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, और 13 मई को, उत्तर प्रदेश में सात चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई, और 1 जून को,झारखंड में चार चरणों में 13 मई 20 मई, 25 मई, और 1 जून तथा तेलंगाना में 13 मई को एक चरण में चुनाव होगा।

### राज्य के इन कर्मियों को भी मतदान के लिए अवसर

साथ ही ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम पाली एवं द्वित्तीय पाली के श्रमिकों को मतदान के लिए दो-दो घंटे का अवकाश घोषित किए जाने तथा जो कारखाने जो निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी बारी से मतदान करने की सुविधा दी जाएगी।

### दूसरे प्रदेश में छत्तीसगढ़ के निवासियों को भी छुट्टी

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि जिस प्रकार छत्तीसगढ़ में रहने वाले दूसरे राज्यों के कर्मियों को उनके राज्य में मतदान के लिए अवकाश दिया जा रहा है, उसी तरह इन सात राज्यों में रहने वाले छत्तीसगढ़ के लोगों को भी मतदान के लिए अवकाश दिया जा रहा है। ऐसा करने के पीछे उद्देश्य है कि सीमावर्ती राज्यों में रह रहे लोगों को भी वोट देने का अवसर मिले और मतदान का प्रतिशत भी बढ़े।

### अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ

**रायपुर।** अल्ट्राटेक सीमेंट,(बैकुंठ सीमेंट वर्क्स) में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 15 अप्रैल को ध्वजा रोहण से किया गया। कार्यक्रम में अग्नि शमन सेवा सप्ताह के महत्व, उद्देश्य एवं इसके पालन की आवश्यकता के बारे में सभी को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में इस सप्ताह में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में तथा नुक्कड़ के माध्यम से लोगो को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा अग्नि सेवा एवं संयंत्र की सुरक्षा में सक्रिय योगदान देने वाले कर्मियों को पुरुष्कृत किया गया। मुख्य सुरक्षा एवं अग्नि सुरक्षा अधिकारी श्री सुशांता कुमार मोहापात्रा ने सभी कामगारों भाईयो से अग्नि सुरक्षा से संबंधित नियमो के पालन के लिए अनुरोध किया एवं विश्वाश दिलाया कि सुरक्षा विभाग संयंत्र एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले किसी भी अग्नि दुर्घटना का सामना करने के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

## खबर संक्षेप




### कबीर नगर में मतदाता जागरूकता अभियान

**रायपुर।** नगर निगम जोन 8 क्षेत्र स्थित पण्डित जवाहरलाल नेहरू वार्ड के कबीर नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के गोल चौक पर एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा के नेतृत्व में शत-प्रतिशत मतदान के लिये रहवासियों को शपथ दिलाई गई। सामूहिक शपथ के कार्यक्रम में जोन 8 के अधिकारी, कर्मचारी और सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि शामिल रहे। 7 मई को रायपुर लोकसभा क्षेत्र में होने जा रहे मतदान में मतदाता के रूप में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करने बुधवार को सामूहिक शपथ दिलाई गई। सामाजिक संगठन स्टे विथ मी के स्वयंसेवकों, जोन 8 के सहायक अभियंता ईश्वरलाल टावरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, उप अभियंता अक्षय भारद्वाज ने रहवासी मतदाताओं के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

### भाजपा की वादाखिलाफी से राज्य में मोदी सरकार के खिलाफ माहौल

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार के खिलाफ जनता में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिल रहा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, प्रथम चरण का चुनाव प्रचार आज समाप्त हो गया। बस्तर एवं पूरे छत्तीसगढ़ की जनता अबकि बार केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनाने मतदान करने का मन बना चुकी है। जनता मोदी सरकार की विदाई के लिये मतदान करने को आतुर है। छत्तीसगढ़ में मोदी और राज्य की साय सरकार की वादाखिलाफी बड़ा मुद्दा है।

### बाल मानस मंडली ने नवनिर्मित महिला घाट का किया लोकार्पण

**रायपुर।** नगर पालिका मंदिर हसौद श्री बाल समाज मानस मंडली बजरंग चौक नगर पालिका मंदिर हसौद द्वारा निर्मित महिला तर्पण घाट का लोकार्पण किया गया, बाल समाज मानस मंडली बजरंग चौक द्वारा पूर्व में भी वर्ष 2017 में तर्पण घाट का निर्माण किया गया था तथा दूसरा तर्पण घाट का निर्माण बाल सामान्य बाल समाज मंडल द्वारा किया गया 15 अप्रैल को किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बाल समाज मानस मंडली के संचालक राधेश्याम पटेल, अध्यक्ष धनेश पटेल, सचिव, रामकुमार सिन्हा,, डोमसिंग साहू, मनोहर पटेल, विरेंद्र सिन्हा साथ ही अतिथि के रूप में प्रमुख रूप से आचार्य ओमकार पांडे उपास्थित रहे। ओम प्रकाश यादव, गोवर्धन सिन्हा, पूर्व सरपंच धनमत गायकवाड, पूर्व सरपंच नोहर यादव, श्री मनीराम पटेल जी, विष्णु सेन जी, नंदकुमार पटेल जी श्री गोकुल यादव जी,श्री उपस्थित अतिथियों ओमप्रकाश यादव एवम मनीराम पटेल द्वारा अपने उद्बोधन में बाल समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहना की। कहा गया की बाल समाज मानस मंडली मंदिर हसौद पूरे क्षेत्र के लिए आदर्श समिति है जो निरंतर 48 साल से भगवान राम जी के रामायण कार्यक्रम करते आ रहे है ।

# ठेकेदार ने पाइप लाइन बिछाने सीसी रोड खोदकर छोड़ा, आवागमन में बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

नगर सहित आसपास गांवों में ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन बिछाने के लिए अच्छे से अच्छी सीसी रोड तोड़कर छोड़ दिया गया है, जिसका खमियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ठेकेदार की लापरवाही कसडोल जनपद पंचायत हर गांवों देखी जा सकती है।

गिधौरी पंचायत और ग्राम सुकली में नल जल योजना के तहत एक साल पहले सीसी सड़क को जेसीबी से खोदकर छोड़ दिया है। पाइप लाइन का जब से काम शुरू हुआ है तब से ग्रामीणों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## गिधौरी और सुकली में नल जल योजना के लिए खोदी गई है सीसी सड़क





### जानलेवा साबित हो रहे गड्ढे

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना से पाइपलाइन बिछाने के लिए सीसी सड़क जेसीबी मशीन से खोदे गए गड्ढे जो जानलेवा और मुसीबत साबित हो रहे हैं आने जाने में बच्चों लेकर महिलाओं एवं पुरुष , बुजुर्गों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जब ठेकेदार रेखचंद अग्रवाल से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया गया कि अभी तक काम का पैसा नहीं मिला है। पैसा मिलने पर काम शुरू किया जायेगा कहते हुए पल्ला झाड़ लिया और फोन काट दिया।

अभी तक पेयजल की समस्या का निदान नहीं हो पाया है, लेकिन साप सुथरी सीसी रोड में बड़े-बड़े गड्ढे खोदकर छोड़ने से जानलेवा साबित हो रहा है। इस योजना से लोगों को भविष्य में पानी मिले या ना मिले फिलहाल अच्छी सड़क को जेसीबी मशीन से खोद पूरी चौपट कर दिया है एवं अभी तक 40 से 50 घरों में चबूतरा बनाना भी मुनासिब नहीं समझा। शासन की इस महत्वपूर्ण योजना के तहत प्रत्येक घरों तक पीने का पानी साफ व स्वच्छ उपलब्ध कराने के लिए सरकार नल जल योजना में करोड़ों खर्च कर रही है, लेकिन एक साल बीत जाने बाद भी नल से ना पानी मिला न ही खोदी गई सड़क बनी।

## भारत निर्वाचन आयोग ने शिकायत के लिए सी-विजिल एप बनाया

# लोकसभा निर्वाचन के उल्लंघन पर होगी त्वरित कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

लोकसभा निर्वाचन–2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नागरिकों के निर्वाचन उल्लंघन से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के लिए सी–विजिल एप देश में चालू है। आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्मित सी–विजिल एप्लीकेशन को और भी सशक्त बनाया गया है।

अब आम नागरिक आचार संहिता उल्लंघन के मामलों की शिकायत लाइव फोटोग्राफ एवं वीडियो के साथ–साथ ऑडियो क्लिप के माध्यम से भी कर सकेंगे। यदि कोई नागरिक राज्य में आचार संहिता उल्लंघन की कोई घटना देखता है तो सी–विजिल एप्लीकेशन का उपयोग करते हुए घटना स्थल की एक फोटो या 2 मिनट की वीडियो या ऑडियो क्लिपिंग बनाकर एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत कर सकता है।

शिकायत गुप्त रूप से भी की जा सकती है या एप्प में पंजीकृत होकर भी की जा सकती है। पंजीकृत उपयोगकर्ता के रूप में शिकायत करने पर उपयोगकर्ता को शिकायत निराकरण के पश्चात उसकी सूचना भी दी जाएगी। यह एप्लीकेशन आम नागरिकों के लिए एंड्राइडआईओएस दोनों पर उपलब्ध है।

सामान्य मामलों में शिकायतों पर कार्यवाही 100 मिनिट के भीतर पूरी कर शिकायतकर्ता को इसकी सूचना दी जाएगी। सी–विजिल शिकायतकर्ता को फोन नंबर और अपनी पहचान को गुप्त रखते हुए भी शिकायत दर्ज कराने की सुविधा प्रदान करता है। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत पर की गई कार्यवाही को ट्रैक कर सकते हैं। इस एप्लिकेशन के माध्यम से नागरिकों की शिकायत पर पूरी कार्यवाही 100 मिनट के पूर्ण की जाती है।

### एप में शिकायतकर्ता आनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं

सीविजिल एप का उपयोग करते हुए नागरिक निर्वाचन अवधी के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में रिटनिंग अधिकारी के कार्यालय जाए बिना ही आनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सी विजिल एक आसान ऐप है जो प्रयोक्ता अनुकूल तथा उपयोग करने में आसान है। यह एप्लिकेशन सतर्क नागरिक को जिला नियंत्रण कक्ष, रिटनिंग अधिकारी तथा फिल्ड सत्यापन इकाई उड़न दस्ते स्थैतिक निगरानी दलों से जोड़ती है जिसके द्वारा एक तेज तथा सटीक रिपोटिंग, कार्रवाई एवं अनुवीक्षण तंत्र तैयार होता है।




### नागरिकों द्वारा शिकायत करने की प्रक्रिया

गूगल प्ले स्टोर ध्एप्पल स्टोर से सीविजील एप डाउनलोड करें। नागरिक या तो मोबाइल नम्बर और ओटीपी के माध्यम से लाग–इन कर सकते हैं या गुमनाम रूप से भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का फोटोध्वीडियोध्आडियो कैप्चर करें। पूर्व से रिकार्ड किए गए फोटोध्वीडियोध्आडियो अपलोड नही किए जा सकते। घटनास्थल की सटीक लोकेशन की पहचान करने में सहायता के लिए अतिरिक्त जानकारी दर्ज करें। सभी अनिवार्य फील्ड दर्ज करने के बाद सबमिट पर क्लिक करें।

### होगा त्वरित निराकरण

सी–विजिल एप्प में वास्तविक लोकेशन की जानकारी जरूर दें शिकायतकर्ता – सी–विजिल एप्प पर निर्वाचन संबंधित शिकायत की सूचना मिलने पर संबंधित टीमों द्वारा त्वरित निवारण किया जाता है। सी–विजिल एप्प के नियंत्रण अधिकारी ने शिकायतकर्ताओं को कहा कि कोई भी शिकायत के लिए उस घटना के घटित होने के स्थान को, लोकेशन कॉलम में भरकर जरूर दें, ताकि जांच टीम वास्तविक स्थान पर जाकर उस शिकायत का जांच करें। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि वास्तविक स्थान और मोबाइल के माध्यम से सी–विजिल एप्प में अपलोड दोनों स्थान आसपास ही होनी चाहिए।

## सोशल मीडिया पर टिप्पणी, साहू समाज ने थाने में दर्ज कराई शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्राम सोनारदेवरी के मनोज कुमार सेन द्वारा तेली साहू समाज के लोगों पर सोशल मीडिया के द्वारा धर्म के नाम पर रामायण में उल्लेखित कुछ वाक्य को लेकर साहू समाज पर अभद्र टिप्पणी करते हुए तेली लोगों को असुर और महारक्षस कहा गया। इस पर ग्राम साहू समाज सोनार देवरी एवं पूरे समाज के लोग को आहत पहुंची, जिस पर साहू समाज ने आक्रोश जताया और साहू समाज ने जिला, तहसील, परिक्षेत्र के पदाधिकारी से चर्चा कर थाने में शिकायत के साथ पुलिस को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर जिला साहू संघ के अध्यक्ष सुनील साहू साहू, साहू समाज रोहांसी परिक्षेत्र का अध्यक्ष सीताराम साहू, महेंद्र साहू, दौलाल साहू, सरपंच सुनहार लोकनाथ, साहू वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कुंदन साहू, साहू समाज रोहांसी परिक्षेत्र के उपाध्यक्ष हेतराम साहू, सचिव अर्जुन साहू, साहू समाज नगर साहू संघ कोषाध्यक्ष राजेंद्र साहू, चूड़ामणि साहू सचिव साहू समाज बलोदी, गुरुचरण साहू, फेरा राम साहू, रामदयाल साहू, द्वारिका साहू, शारदा प्रसाद साहू, श्याम रतन साहू, ललित कुमार साहू, प्रसन्न साहू, संतु राम साहू, सात धारी साहू, खेमलाल साहू, बुधराम साहू, रामकुमार साहू, दयादेव साहू, गजानंद साहू, लोकनाथ साहू, उधो प्रसाद साहू, साधुराम तेली, मंगलूराम साहू सहित सामाजिकजन मौजूद थे।

### ड्राई डे में खपा रहे थे पंजाब की शराब, आबकारी टीम ने पकड़ा

**रायपुर ।** ड्राई के दिन आबकारी विभाग के अफसरों ने मुखबिर की सूचना पर तीन अलग-अलग जगहों पर छापे की कार्रवाई करते हुए 190 लीटर शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत एक लाख रुपए से ज्यादा आंकी गई है। आबकारी विभाग की टीम ने जिन चार लोगों के कब्जे से शराब जब्ती की कार्रवाई की है, वह शराब पंजाब निर्मित है। आबकारी उपायुक्त विकाश गोस्वामी के मुताबिक आबकारी विभाग की टीम को ड्राई डे के दिन शराब की अवैध बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने निर्देश दिए गए थे। इसी कड़ी में खरोरा निवासी समीर कुमार ढिड़ी, कोटा निवासी भूपेश तुरकाने, सेजबहार निवासी जितेश्वर चेलक के कब्जे से शराब जब्त करने की कार्रवाई की है। शराब जब्ती की कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी अल्ताफ खान, रविशंकर पैकरा, जेबा खान, आबकारी उपनिरीक्षक कौशल सोनी, प्रकाश देशमुख द्वारा की गयी है।

## कोसमंदी स्कूल में बच्चों को परोसा गया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखंड अन्तर्गत कन्या प्राथमिक शाला कोसमंदी में वरिष्ठ शिक्षिका कौशिल्या कन्नौजे ने अपने जन्मदिवस पर बच्चों को न्योता भोज कराया। इसमें खीर, पूरी, दाल-चांवल, सब्जी, बिस्किट, केला, चॉकलेट परोसा गया। न्योता भोज के लिए प्रधानपाठक ने शिक्षिका कौशिल्या कन्नौजे को धन्यवाद प्रेषित किया एवं भविष्य में इसी प्रकार आयोजन की अपेक्षा रखी। इस अवसर पर कन्या प्राथमिक शाला की प्रधानपाठिका सीमा वर्मा गौरी, तोमेश्वरी साहू, मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक ओसराम साहू, बीएल पटेल, आरके, जलहरे, डीपी साहू, आभा घृतलहरे, विद्या मंदिर से आरडी साहू, जीआर साहू, श्रीवास, सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और, छात्र मौजूद थे।

## रामकथा की प्रस्तुति ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम बांसउरकुली में रामनवमी पर ग्रामवासियों द्वारा एकदिवसीय संगीतमय श्री रामकथा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में ग्राम बेलटिकरी से डोलकुमार जायसवाल, चूरेला से डॉ. भैयाराम, रामपुर से शिवचरण साहू, गोरबा से बालिका समाज सहित रघु साहू, तेंदूमुड़ी से शत्रुघ्न पटेल, बिलाईगढ़ से प्रवीण सोनी, मलुआ से अशोक चंद्रा, पंडरीपानी से पवनदास महंत, सूतीउरकुली से डॉ. पुनऊ, संतराम साहू एवं बांसउरकुली से निकिता द्वारा सस्वर मानस गायनकर श्रोता समाज को आनंदित कर दिए। रूपनाथ ध्रुव गुरुजी प्राथमिक शाला नवापारा, नगरदा के मोहनलाल केवट, बेलटिकरी के डोलकुमार जायसवाल दो मुहानी के रामाधीन यादव ने राम कथा सुनाकर श्रोता समाज को भाव विभोर कर दिये। रूपनाथ गुरुजी ने कथा में बताया कि छात्र–छात्राओं का ग्रीष्मकालीन अवकाश आने वाला है। ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी छात्रों को अगले आने वाले वर्षों के पुस्तकों की व्यवस्था कर पढ़ने के अभ्यास को बनाए रखना चाहिए।मोबाइल का सदुपयोग करने से मोबाइल लाभकारी है, किंतु वर्तमान समय में अधिकांश लोग इसका दुरुपयोग भी कर रहे हैं। छात्रों को मोबाइल के अधिक उपयोग से बचना चाहिए। ट्रांस महानदी क्षेत्र के प्रमुख रामायणी ग्राम बांसउरकुली निवासी श्यामसुंदर पटेल ने भी मानस मंच में बैठकर कथा सुनाया। उन्होंने कहा हनुमानजी द्वारा किए गए कार्यों का वर्णन नहीं किया जा सकता।



## प्रशिक्षित दल तैयार करेंगे मतदान केंद्रों के लिए वोटरों की सूची



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देशा पर डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचक नामावली चिन्हित करने हेतु मतदान दलों के अधिकारी–कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल ने इलेक्टोरल रोल एवं उसमें आवश्यक प्रविष्टी के संबंध में दलों को आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावली चिन्हित करने के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होना चाहिए। मतदान दल प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और बारीकियों को ध्यानपूर्वक समझे।



मतदान दिवस के दिन मतदान करते समय मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना करना न पड़े इसके लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर चूड़ामड़ी गोस्वामी ने मतदाता सूची चिन्हांकित करते समय ईडीसी, पीबी, सीएसबी, एएसडी सूची आदि का सावधानीपूर्वक चिन्हांकन करने के संबंध में जानकारी दिया। इस अवसर पर सारंगढ़ एवं बिलाईगढ़ दोनों अनुविभागों के राजस्व निरीक्षक और पटवारीगण उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### गाली-गलौज कर...

किया गया। इस स्थिति में निश्चित ही एक-दूसरे को चोट पहुंचाकर गंभीर अपराध घटित करने की पूर्ण आशंका व संघीय अपराध घटित करने से रोकने व शांति कायम करने हेतु अनावेदकगण की गिरफ्तारी के अलावा और कोई साधन नहीं होने से अनावेदक को धारा 151 जा. फौ. के तहत गिरफ्तार कर तरमीन धारा 107, 116 (3) जा.फी. के तहत अधिक से अधिक राशि से प्रतिबंधित करने का इस्तागासा प्रस्तुत किया है। सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 151, 107, 116, 3 जाफौ का इस्तगाशा तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से सभी आरोपियों को जेल भेजा गया।

### चीतल मांस बेचते...

गया। न्यायालय द्वारा 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर अपराधी को जिला जेल बलौदाबाजार भेज दिया गया है। गौरतलब है कि वन्यप्राणी चीतल वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की अनुसूची ए, भाग के सरल क्रमांक 11 स्टॉपेड डियर, चिता के रूप में शामिल हैं।

### बाइक की सीट ...

ब्लेड आदि धारदार वस्तु से काटकर फाड़ दिया जा रहा है, किंतु इस प्रकार की बदमाशी एवं उत्पात मचाने वाले आरोपियों का पता नहीं चल पा रहा है। इस प्रकार की बदमाशी करने वाले व्यक्तियों का पहचान होना एवं उनका पकड़ा जाना भी इसलिए अत्यंत आवश्यक था, क्योंकि इनके द्वारा भविष्य में पकड़े जाने के डर अथवा ऐसी बदमाशी करते हुए अन्य किसी व्यक्ति के देख लेने से ब्लेड आदि का उपयोग कर आरोपियों द्वारा सामने खड़े किसी व्यक्ति को गंभीर चोट भी पहुंचाया जा सकता था।जिला पुलिस ने सभी अपील करते हुए कहा है कि वे बच्चों को सदाचार की समझाइस दें, बेवजह देर रात में इधर–उधर घूमने अथवा चौक–चौराहों पर बैठने में मनाही करें। अपने बच्चों की आदतों एवं जिज्ञासाओं के बारे में जानकारी रखें तथा उन्हें किसी भी प्रकार की बुरी संगत अथवा बुरी लत में ना पड़ने दें।

## बैलगाड़ी पर निकाली बारात, देखने लोगों की लगी भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

आज के मार्डन जमाने में जहां लोग अपने शादी को युनीक बनाने में तरह-तरह इंतजाम करते हैं। महंगे कार्ड छपवाते हैं। लक्जरी गाड़ियों से बारात जाना पसंद करते हैं, उस पर महंगी साज सज्जा और खाने पीने में लाखों रुपये खर्च कर देते हैं। वहीं संसार के मार्डन जमाने को धता बताते हुए नगर पलारी के वर्मा परिवार द्वारा बैलगाड़ी से बारात निकालकल मिशाल पेश की है। बारात के आगे-आगे पारंपरिक गढवा बाजा में परी के साथ बाराती नाच रहे थे। मौका था नगर के वार्ड नं 10 के रहवासी स्व. हेमकुमार वर्मा के पुत्र लक्ष्मण वर्मा के संग गांधी चौक निवासी बेदकुमार वर्मा की पुत्री हीना वर्मा की शादी का। नगरवासी भी दुल्हे को बैलगाड़ी से बारात निकाले जाने को लेकर उत्सुकता से देख रहे थे तथा लोग बारात का स्वागत करते हुए फोटो भी खींच रहे थे। बाराती बनकर नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा शामिल हुए। इस मांगलिक अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा ने कहा कि फिजूल खर्ची से बचने बैलगाड़ी से बारात निकालना सराहनीय है। हमारे पूर्वजो का भी 30–35 साल पहले बैलगाड़ी से ही बारात जाने का साधन था। कहावत है कि पुराना दौर फिर से आता है।

**शपथ पत्र**

श्रीमती भारती महिलांगे, उम्र 45 वर्ष पति यशवंत कुमार महिलांगे, जाति सतनामी, निवासी ग्राम नरधा, पो. बरेली, तहसील टुण्डरा, जिला-बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

**शपथकर्ती**

शपथकर्ती निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं कि:-

01. यह कि शपथकर्ती का नाम, पता व सकूनत उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है। मेरी जन्मतिथि 12/12/1979
02. यह कि मेरा विवाह दिनांक 26/03/2004 को चि. यशवंत कुमार महिलांगे पिता श्री जनकराम महिलांगे, जाति सतनामी, निवासी ग्राम नरधा, पो. बरेली, तहसील टुण्डरा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के साथ सामाजिक रीति रिवाज अनुसार विवाह संपन्न हुई है तब से हम दोनों पति-पत्नी के रुप में निवासरत हैं।
03. यह कि विवाह के पूर्व मेरा नाम कु. भारती गिलहरे पिता बिसहत गिलहरे, जाति सतनामी निवासी ग्राम/पो. पोंड़, तहसील नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम से जानी पहचानी व लिखी जाती थी।
04. यह कि चूंकि अब मेरी विवाह हो चुकी है, इसलिए मैं नाम के पूर्व कुमारी के स्थान पर श्रीमती भारती महिलांगे पति यशवंत कुमार महिलांगे, जाति सतनामी, निवासी ग्राम नरधा, पो. बरेली, तहसील टुण्डरा, जिला बलौदाबाजार/भाटापारा (छ.ग.) के नाम से एवं भविष्य में इसी नाम से जानी एवं पहचानी जाऊंगी। तथा अपने सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय कागजातों में भी यही नाम लिखने, पढ़ने एवं संबोधित करने बाबत शपथ पत्र निष्पादित करती हूं।

**शपथकर्ती**

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित कंडिका क्रमांक 01 से 04 तक सत्य एवं सही है, जिसे आज दिनांक 12/04/2024 को स्थान कसडोल में पढ़कर, सुनकर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**सत्यापनकर्ती**

## खबर संक्षेप

### भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव दिवस पर निकलेगी शोभायात्रा

**रायपुर।** भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव दिवस के उपलक्ष्य में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा 12 मई को रायपुर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा का बुढ़ापारा, सिटी कोतवाली, मालवीय रोड, जय स्तंभ चौक, शारदा चौक, तात्यापारा, होते हुए अंबा देवी मंदिर सदर बाजार में समापन होगा। प्रमुख मार्गों से होते हुए शोभायात्रा, जिसमें भजन, कीर्तन भी सम्मिलित रहेगा, सत्ती बाजार स्थित अंबा मंदिर में पहुंचकर 1100 दीपों की एक भव्य महाआरती एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। इस संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में विगत दिनों हुई। बैठक में अरुण शुक्ल, ललित मिश्र, प्रहलाद मिश्र, चंद्रप्रकाश व्यास, राघवेंद्र मिश्र, अरविंद ओझा, सुरेश मिश्र, संतोष पुजारी, दिनेश शुक्ल, विनय तिवारी, डॉ. सुरेश शुक्ल, कीर्ति व्यास आदि उपस्थित रहे।

### सप्ताहभर बाद थी शादी युवक ने की आत्महत्या

**सिलयारी।** तुलाराम पटेल पिता लखन पटेल उम्र (24)वर्ष कुथरेल निवासी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी अनुसार शीतला तालाब के आम के पेड़ पर साड़ी से बनाया गया नीले रंग का रस्सी से आम के पेड़ लटकते देखा गया।यह घटना सुबह बुधवार लगभग 4 बजे गांव के सरपंच को मिला जब ग्रामीण निस्तारी करने तालाब गया तो देखा युवक पेड़ लटकते रहे थे। जिसकी जानकारी सरपंच को दिया । घटनास्थल पहुंच कर सरपंच व्दारा 112 को सूचना दिया साथ धरसीवां थाना प्रभारी को सूचना दिए तो सिलयारी पुलिस घटनास्थल पहुंचे। घटना का कारण अज्ञात है मृतक शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धरसीवां भेज दिया। विवेचना जारी है। एक सप्ताह बाद तुलाराम पटेल का शादी थी। एक ओर पूरे परिवार शादी की तैयारी कर रिस्तेदारो को शादी की कार्ड बट गया थे पुरा तैयारी हो गये थे खुशियां मनाई जाने मे लगे थे। खुशी बदला मातम में जो युवक शादी होने वाला था वह सुबह बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

## निधन

### राकेश्वर वर्मा

**पलारी।** ग्राम देवसुंदरा निवासी 20



वर्षीय राकेश्वर उर्फ टिक्कू वर्मा का निधन हो गया। वे उमाकांत वर्मा के जेष्ठ पुत्र , शशिकांत वर्मा के भतीजा थे। उनके निधन पर आरके वर्मा, डॉ.कोमल वैष्णव, अयोध्या पांडे, आयुष वैष्णव, सोनू साहू, मोनू साहू, वेद वर्मा आदि ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

**पर्व :** रामनवमी पर आयोजित शोभायात्रा में शामिल हुए भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा

# श्रीराम का जीवन स्वयं में एक दिव्य संदेश है

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

नगर में नवमीं का पर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा भी भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। सनातनी धर्म सेना द्वारा आयोजित राम नवमी की शोभायात्रा कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

शिवरतन शर्मा ने नगर भ्रमण कर महारानी चौक शोभायात्रा पहुंचने पर प्रभु श्रीराम की पूजा अर्चना कर उपस्थित राम भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि-न्यायप्रियता और सत्य के मार्ग पर चलने वाले हम सबके आराध्य भगवान श्रीराम का जीवन स्वयं में एक दिव्य संदेश है, जिससे हमें समर्पण एवं श्रद्धा के साथ मानवता



की सेवा करने की प्रेरणा मिलती है।

भेदभाव रहित, 'सबको न्याय-सबको सम्मान' के जिस भाव के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार 'राम राज्य' की परिकल्पना को साकार कर रही हैं, उससे सबको जोड़ने का कार्य किया जाएगा। सनातन जगत की सकल आस्था के केंद्र व भारत की अटूट श्रद्धा के प्रतीक मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की कृपा से हम सभी के जीवन में उत्तम स्वास्थ्य, सुख, शांति का वास हो।उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हमारा जन्म प्रभु श्रीराम के ननिहाल, छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर हुआ है और आज का अवसर इसलिए भी खास है, क्योंकि करीब 500 वर्षों के बाद अयोध्या में प्रभु अपने घर वापस आए हैं। इसलिए इस साल रामनवमी का पर्व अपने आप में अनूठा है। भगवान से कामना है कि छत्तीसगढ़ की जनता के जीवन में खुशहाली लाएं। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी, धार्मिक संगठन के लोग उपस्थित थे।

## सनातनी धर्म सेवा ने निकाली श्रीराम की शोभायात्रा

**भाटापारा।** रामनवमी पर भगवान श्रीराम की विशाल एवं भव्य शोभायात्रा सनातनी धर्म सेवा द्वारा निकाली गई। भाटापारा के इतिहास में युवाओं के नेतृत्व में निकली ऐतिहासिक यात्रा रही, जिसमें भाटापारा के अलावा भी आसपास के इलाके के युवा एवं युवती शामिल हुए, जो हर्ष का विषय रहा। भगवा गमछा डाले युवा हाथों में भगवा झंडा लेकर नृत्य करते हुए नजर आए। यात्रा में हजारों युवा एवं तीन सौ से अधिक युवतियां शामिल हुईं।

यात्रा शाम 4 बजे महासती मंदिर में भगवान राम की आरती के पश्चात नगर भ्रमण पर निकली। आयोजन समिति द्वारा नगर के प्रमुख चौकों पर जमकर आतिशबाजी की गई एवं भगवान राम दरबार पर लगी विशेष लाइटिंग एवं आतिशबाजी का भक्तों ने जमकर लुफ्त उठाया।

शोभा यात्रा के विशेष आकर्षण भगवान राम हनुमान की प्रतिमा, महाबली हनुमान, नगर के बाहर से आए बैंड, डीजे एवं भाटापारा रामलीला मंडली








की रामदरबार की झांकी रही। शोभा यात्रा का जगह-जगह नगर के राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों ने मंच बनवा कर पुष्प वर्षा एवं जलपान की व्यवस्था कर स्वागत किया।

यात्रा नगर भ्रमणकर महारानी चौक पहुंची, जहां भगवान श्रीराम की आरती एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम को अंतिम रूप देते हुए मंच का संचालन अभिषेक उपाध्याय ने किया। वहीं विशेष रूप से उपस्थित रहे भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने भगवान राम के चरित्र पर प्रकाश डाला एवं कार्यक्रम का आभार अभिषेक मिश्रा ने प्रकट किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाटापारा के सभी राजनीतिक एवं धार्मिक संगठन शामिल हुए।

## शोभायात्रा में बच्चों की प्रस्तुति बनी आकर्षक





**कसडोल।** समीपस्थ ग्राम पंचायत पिसीद में रामनवमी पर श्रीराम मंदिर निर्माण समिति और समस्त ग्रामवासियों के जनसहयोग से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें ग्राम के समस्त माताओं और बहने इस भव्य कलश यात्रा में शामिल हुईं। साथ ही ग्राम की छोटी-छोटी लड़कियों ने भी छत्तीसगढ़ी पोषाक पहनकर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी और लोगों का उत्साह वर्धन किया। शोभायात्रा बाजार चौक से शुभारंभ होकर श्रीराम मंदिर निर्माण स्थल तक निकाली गई। गर्मी को देखते हुए बच्चों के लिए जगह-जगह पानी की व्यवस्था की गई। साथ ही डॉ. रितेश पटेल की ओर से सभी कलश यात्रा में शामिल भक्तों के लिए शर्बत की व्यवस्था की गई। वहीं ग्राम पंचायत के सरपंच सुक्रिता कामता पटेल द्वारा पूरी की व्यवस्था की गई। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत पिसीद में इन दिनों समस्त ग्रामवासियों की सहयोग से भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है, जहां मंदिर निर्माण के साथ साथ ही सीता वाटिका का भी निर्माण हो रहा है। शोभायात्रा के समापन पर सभी भक्तों को खीर-पूरी प्रसाद का वितरण किया गया। शोभायात्रा के इस महापर्व को पूर्ण करने में समस्त ग्रामवासियों ने अपना सहयोग प्रदान किया।

### रोहांसी में मनाई गई रामनवमी



**पलारी।** बुधवार को नगर पंचायत रोहासी में राम नवमी राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में राम मंदिर में राम कीर्तन भजन का आयोजन किया गया। भव्य आरती की गई एवं आरती के बाद प्रसादी वितरण किया गया। इसमें प्रमुख रूप से नगर पंचायत रोहासी के नगर अध्यक्ष किरण संतोष बघेल, उपाध्यक्ष नंदेश्वर साहू, हेमंत साहू, मोहन साहू, अवधेश साहू, रोहित साहू, कुनाल सेन, योगेश साहू, हरीकीर्तन यादव, घनश्याम साहू, मोती साहू, जीतू साहू सहित भारी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## कुलदेवी की पूजा में दी बकरे की बली...



**भरूवाडीह, सैहा, गुमा।** अंचल के भांठागांव, कोकड़ी, रिसदा, पुरान, दशरमा, खपरी, अछोली, ठेलकी, खम्हरिया, चांपा, चिचोली, बेल्हा, सैहा, गितकेरा, औंरासी, चुचरूंगपुर, सरसेनी, गुमा, पौंसरी, भरूवाडीह, खैरवारडीह, ढ़नढ़नी, सरकीपार, सेम्हराडीह, पिपराही, चण्डी और खपराडीह आदि गांवों में चैत्र नवरात्रि पर जोत जंवारा का विसर्जन किया गया। गांव–गांव, के देवी मंदिरों और कुल देवी की पूजा बकरे की बली देने की प्रथा कायम रखे।

## जंवारा विसर्जन में झांकियां देखने उमड़े श्रद्धालु




**पलारी।** विकासखंड पलारी के ग्राम देवसुंद्रा में चैत्र नवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नौ दिनों तक गांव में जसगीत माता सेवा समिति द्वारा जसगान किया गया। गांव में दया राम साहू, बोधन साहू, फागूराम साहू, बरातु देवांगन के घर मनोकामना ज्योत जंवारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था। महामाया मंदिर में 143 श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित कराया था। भक्तों ने व्रत उपवास आराधना के साथ आदि शक्ति मां दुर्गा की पूजा अर्चना किए। जंवारा विसर्जन में झांकी मनमोहक रही। निरंतर 34 वर्षो से हो रहे श्रीराम चरित मानस महायज्ञ का हवन पूजन के साथ समापन हुआ। रामनवमी पर यज्ञ समिति द्वारा प्रभु श्रीराम की झांकी बस्ती भ्रमण के लिए उत्साह पूर्वक निकाली गई। इस सभी कार्यक्रमों में ग्रामीणों का भरपूर सहयोग रहा। छोटे छोटे बच्चों द्वारा नौ दिनों तक प्रभातफेरी में रामधुनि के साथ हरि कीर्तन किए।

# डोलकुमार कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भटगांव

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता व किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष डोलकुमार जायसवाल अपने समर्थकों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंट मुलाकात की। इसके बाद भाजपा के रीती नीति एवं नरेंद्र मोदी के राष्ट्र हित में जनकल्याणकारी योजना से प्रभावित होकर भाजपा के दामन थामने का निर्णय लिया, जिसे डॉ. रमन सिंह द्वारा सहर्ष स्वीकार किया। राजस्व एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता



डोल कुमार जायसवाल और उनके कार्यकर्ताओं का भाजपा में आने पर आत्मिक स्वागत कर पार्टी में शामिल किया। मीडिया के सामने मंत्री टंकराम ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुये कहा कि भारत में मोदी की गारंटी के सिवाय किसी की गारंटी नहीं है। कांग्रेस पार्टी सत्ता में कैसे आयी और कैसे सत्ता छीने जिसकी राजनीति कर रही है, कांग्रेस किसी का भला नहीं चाहती।

## बृजमोहन आज अनेक गांवों में करेंगे जनसंपर्क

**बलौदाबाजार।** नामांकन दाखिल करने पश्चात रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल जनसंपर्क के तहत गांव–गांव हर क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी रितेश श्रीवास्तव ने बताया कि अपने इस जनसंपर्क अभियान के तहत शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे, जहां वे मंडल बलौदाबाजार ग्रामीण अंतर्गत विभिन्न गांवों में क्रमशः ग्राम रवान में दोपहर



1 बजे जनसंपर्क, दोपहर 2 बजे पौंसरी स्वागत, दोपहर 2.30 बजे करमदा जनसंपर्क, दोपहर 3.30 बजे गैंतरा, शाम 4 बजे भरसेला, शाम 4.30 बजे लटुवा, शाम 5.30 बजे मोहतरा, शाम 6.30 बजे रसेड़ा, शाम 7.30 बजे बेमेतरा, शाम 8 बजे हलवाई खपरी, रात्रि 9.30 बजे सकरी में जनसंपर्क करने पहुंचेंगे। मंडल अध्यक्ष डोमन वर्मा ने उक्त सभी गांव में कार्यकर्ताओं एवं आमजन से नियत समय पर उपस्थित रहने की अपील की हैं।

# नामांकन भरने में कांग्रेस प्रत्याशी ने दिखायी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लवन

- डॉ. डहरिया का दौरा आज लवन क्षेत्र में

जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. शिवकुमार डहरिया ने 18 अप्रैल को नामांकन फॉर्म भरा, जहां कुल आठ विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पहुंचे थे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन से सैकड़ों की संख्या में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव परमेश्वर हेतु ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुरदयाल यादव के नेतृत्व में



कार्यकर्ता पहुंचे थे। जनसंपर्क के लिए उनका एक दिवसीय दौरा लवन क्षेत्र में 19 अप्रैल को होगा। वे प्रातः 10 बजे लवन क्षेत्र के ग्राम कोहरौद, 11 बजे ग्राम अहिल्दा 11.30 बजे ग्राम सरखोर, 12.30 बजे कोयदा एवं 12.30 बजे ग्राम मर्दा पहुंचेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुरुदयाल यादव ने बताया कि सघन दौरा कार्यक्रम में कांग्रेस के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

